कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-07.09.2024

विषयः- थाना रोहनिया व एस0ओ0जी0 कमिश्नरेट वाराणसी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा 17.605 कि.ग्रा. अवैध गांजा (कीमत लगभग 2.5 लाख रू0), 01 अदद मोबाइल व 1180/- रू0 नकद के साथ अभियुक्त सूरज शर्मा गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा मादक पदार्थों की अवैध बिक्री हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व में थाना रोहनिया व एस0ओ0जी0 कमिश्नरेट वाराणसी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान आज दिनांक-07.09.2024 को समय करीब 00.50 बजे लठिया चौराहे के पास थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी से अभियुक्त सूरज शर्मा पुत्र राजेश शर्मा निवासी ग्राम खखड़ा थाना इलिया तहसील साहबगंज जनपद चन्दौली को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 17.605 किलोग्राम अवैध गांजा, एक अदद मोबाइल व 1180/- रू0 नकद बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना रोहनिया पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 260/2024 धारा 8/20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विवरण पूछताछ- अभियुक्त सूरज शर्मा उपरोक्त ने पूछताछ पर बताया कि जो मेरे पास ट्राली बैग है उसमें गांजा भरा है, मैं पुलिस को देखकर घबरा गया और पकड़े जाने के डर से मैं भाग रहा था। पैसे कमाने की लालच में पड़कर गांजा ले लिया हूं जिसके छोटे-छोटे पैकेट बनाकर बेचकर जो पैसा मिलता उससे अपनी जरूरतों को पूरा करता कि आप लोगों के द्वारा पकड़ लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

सूरज शर्मा पुत्र राजेश शर्मा निवासी ग्राम खखड़ा थाना इलिया तहसील साहबगंज जनपद चन्दौली उम्र करीब 20 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

1. एक ट्राली बैग में 17.605 कि.ग्रा. नाजायज गांजा (अन्तर्राष्ट्रीय बाजार कीमत लगभग 2.5 लाख रूपये)।
2. एक अदद मोबाइल व 1180/- रू0 नकद

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 260/2024 धारा 8/20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- लठिया चौराहे के पास थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी से दिनांक-07.09.2024 को समय करीब 00.50 बजे।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली टीम का विवरणः-

थाना रोहनिया पुलिस टीम	**एस0ओ0जी0 कमिश्नरेट वाराणसी टीम**
1. उ0नि0 राज दर्पण तिवारी 2. हे0का0 शेषनाथ सिंह 3. का0 रवि प्रताप मौर्या	1. उ0नि0 मनीष मिश्रा प्रभारी SOG 2. हे0का0 ब्रह्मदेव सिंह 3. कां0 आलोक मौर्या 4. कां0 रमाशंकर यादव 5. कां0 पवन तिवारी 6. कां0 अंकित मिश्रा 7. कां0 मयंक त्रिपाठी

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।